2. Belapur Sahakari Sakhar Karkhana Ltd., Belapur, Maharashtra.
3. Shree Dutta Shirol Sahakari Sakhar Karkhana Distt. Kolhapur, Maharshtra.

कल्याण योजना के प्रभाव का मूल्यांकन

1117. **श्री सोमपाल:** क्या योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सरकार विभिन्न विभागों द्वारा क्रियान्वित की जा रही कल्याण योजनाओं के प्रभाव के संबंध में नियमित मूल्यांकन कराती रहती है;

(ख) यदि हां, तो उन विभागों अथवा एजेंसियों के नाम क्या हैं, जो इस प्रकार के मूल्यांकन अध्ययन कराती हैं;

(ग) उन्हें सौंपे गये इस प्रकार के अध्ययन कार्यों में प्रशासनिक संस्थाओं और संगठनों की क्या भूमिका है;

(घ) या इस तरह के अध्ययन कार्यों के लिये कुछ बजट संबंधी प्रावधान भी किये जाते हैं;

(ङ) यदि हां, तो इस संबंध में पिछले तीन वर्षों के दौरान कितनी धनराशि उपलब्ध करायी गयी है;

(च) क्या इस प्रयोजनार्थ निर्धारित धनराशियों का एक बड़ा भाग अप्रयुक्त पड़ा है; और

(छ) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरे सहित कारण क्या है?

योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री बलराम सिंह यादव): (क) से (ग) जी हां। योजना आयोग के कार्यक्रम मूल्यांकन संगठन (पी ई ओ) को विभिन्न मंत्रालयों/विभागों द्वारा कार्यान्वित की जा रही कल्याण स्कीमों के प्रभाव के मूल्यांकन पर अध्ययन शुरू करने के अनुरोध प्राप्त होते हैं।

पिछले 5 वर्षों के दौरान पी ई ओ ने इस प्रकार के 13 मूल्यांकन अध्ययन किए थे। स्कीमों और विभागों/मंत्रालयों के नाम जिनके संबंध में पी ई ओ द्वारा ये मूल्यांकन अध्ययन किए गए थे, विवरण में दिए गए हैं। (नीचे देखिए)

किसी भी मूल्यांकन अध्ययन के दौरान संबंधित मंत्रालय/विभाग स्कीम के संबंध में पृष्ठभूमि सामग्री मुहैया करा कर, पी ई ओ के साथ अपने ज्ञान और अनुभव बांटकर और पी ई ओ द्वारा कार्यान्वयन एजेंसियों से मांगी गई आवश्यक सूचना/आंकड़े मुहैया करने के लिए राज्य और प्रारंभिक स्तर के संगठनों को अनुदेश देकर पी ई ओ को सहायता प्रदान करते हैं। बहरहाल, मंत्रालय/विभाग स्कीम के लाभ प्राप्त कर्ताओं से प्राथमिक सूचना एकत्र करने में शामिल नहीं होते हैं। यह पी ई ओ द्वारा किया जाता है।

(घ) और (ङ) जी, हां। योजना आयोग पी ई ओ द्वारा किए जाने वाले अध्ययनों के लिए एक अलग बजटीय प्रावधान करता है। पिछले 3 वर्षों के दौरान पी ई ओ के लिए बजटीय आबंटन निम्नलिखित हैं:—

वर्ष	आवंटन (लाख रुपये)
1994-95	144.00 (संशोधित अनुमान)
1995-96	144.00 (बजट अनुमान)

(च) जी, नहीं। पी ई ओ द्वारा किए जाने वाले मूल्यांकन अध्ययनों के लिए योजना आयोग द्वारा आबंटित निधियों का पूर्णतः उपयोग कर लिया जाता है।

(छ) प्रश्न नहीं उठता।

विवरण

पिछले 5 वर्षों के दौरान पी ई ओ द्वारा पूरी की गई/शुरू की गई कल्याण स्कीमों पर मूल्यांकन रिपोर्टों की सूची

क्र०सं०	अध्ययन का नाम	संबंधित मंत्रालय/विभाग
1.	राष्ट्रीय खेल कोचिंग स्कीम—राजस्थान और उत्तर प्रदेश—सितम्बर, 1990	खेल और युवा कार्य विभाग
2.	नेहरू युवा केन्द्र स्कीम—एक तुरंत अध्ययन 1991 (एन वाई के एस)	-वही-
3.	ग्रामीण कार्यात्मक साक्षरता कार्यक्रम (आर एफ एल पी) (1985-86)—1991	शिक्षा विभाग
4.	जवाहर रोजगार योजना (जे आर वाई) एक तुरंत अध्ययन (1991-92)—1992 (जे आर वाई)	ग्रामीण विकास विभाग
5.	इंदिरा आवास योजना (आई ए वाई)—एक तुरंत अध्ययन (1992-93)	-वही-

6.	बिहार में चरवाह स्कूल—प्राथमिक अवलोकन (1992-93) नवम्बर, 1992	शिक्षा विभाग
7.	महाराष्ट्र में रोजगार आश्वासन स्कीम—प्राथमिक अवलोकन (1993-94)—1993	श्रम और रोजगार
8.	डांस, ड्रामा और थियेटर ग्रुप को वित्तीय सहायता स्कीम—एक तुरंत अध्ययन (1993-94)—1994	संस्कृति विभाग
9.	पारंपरिक मछुआरों की जीवन दशाओं पर मछली बन्दरगाह परियोजनाओं के प्रभाव पर अध्ययन—1994	कृषि और सहकारिता विभाग
10.	सुधरी हुई सार्वजनिक वितरण प्रणाली (आर पी डी एस) पर मूल्यांकन रिपोर्ट—फरवरी—1995	नागरिक आपूर्ति उपभोक्ता कार्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय
11.	महिलाओं के लिए प्रशिक्षण और रोजगार कार्यक्रमों को सहायता (एस टी ई पी) पर मूल्यांकन रिपोर्ट—1995	महिला और बाल विकास विभाग
12.	महिला समृद्धि योजना (चालू)	-वही-
13.	प्रतिरक्षण कार्यक्रम के कार्यान्वयन का मूल्यांकन (चालू)	स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

Decrease in GDP

1118. SHRI SHIV CHARAN SINGH: Will the Minister of PLANNING AND PROGRAMME IMPLEMENTATION be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the GDP has come down marginally during the current financial year as compared to the preceding year; and

(b) if so, the reasons/factors responsible therefor?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF PLANNING AND PROGRAMME IMPLEMENTATION (SHRI BALRAM SINGH YADAV): (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

Pharmacological and Clinical trials of drugs

1119. SHRI G. SWAMINATHAN: Will the Minister of COMMERCE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that Pharmacological Clinical trials of drugs done henceforth in India in approved/accredited laboratories by Indian drug companies, will get the approval of FDA in US since India has joined WTO; and

(b) if so, the salient features of the scheme and method of availing the advatage?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COMMERCE (SHRI P. CHIDAMBARAM): (a) No, Sir, as the WTO TRIPS Agreement contains no such provision.

(b) Does not arise.

भारत और कनाडा के बीच बाल श्रम विवाद

1120. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय:** क्या श्रम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारत और कनाडा के बीच बाल श्रमिकों के मामले पर कोई विवाद है,

(ख) यदि हां, उसका ब्यौरा क्या है और इससे कौन-कौन से विषय संबंधित है;

(ग) क्या यह सच है कि बाल श्रमिकों के मामले पर कनाडा भारत के विरूद्ध आयात प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए व्यापार संबंधी शर्तें लगाने का विचार रखता है, और

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

श्रम मंत्री (श्री जी॰ वेंकट स्वामी): (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) और (घ) कनाडा के प्रधान मंत्री ने 13 जनवरी, 1996 को फेडरेशन आॅफ इण्डियन चैम्बर्स आॅफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्री को संबोधित करते हुए बाल श्रम की त्रासदी और बालकों के आर्थिक शोषण का उल्लेख किया था। उन्होंने कहा कि कनाडा की सरकार "बाल श्रम को समाप्त करने के लिए अपने आयात प्रतिबंधों